फुटपाथशाला के बच्चों ने वार्षिकोत्सव में दिखायी प्रतिभा

हिन्दुस्तान टीम, गुड़गांव

Last updated: Sun, 24 Dec 2017 07:07 PM IST

CleanMyMac 3 Oficial - ¡Descárguelo Ahora.

Exprime al máximo tu Mac. Limpie y Optimice Su Mac Fácilmente No Lo Dude. macpaw.com/CleanMyMac

सेक्टर -29 स्थित लेजर वैली ग्राउंड में रविवार को उपाय संस्था का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। इसमें दिल्ली-एनसीआर स्थित 6 केंद्रों के सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया। वार्षिकोत्सव की शुरुआत पेंटिंग प्रतियोगिता से हुई। जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छात्रों ने प्रस्तुती दी।

मालूम हो कि उपाय संस्था की शुरुआत आईआईटी-एनआईटी से पढ़कर निकले छात्रों के समूह ने की है। जो कि नौकरी के बाद बचे हुए समय में झुग्गी-झोपड़ी के छात्रों को पढ़ाते हैं। इनके जरिए फुटपाथ शाला नाम से पढ़ाई केंद्र संचालित हो रहे हैं। संस्था की ओर से पहला वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें संगीत, नृत्य , प्रश्नोत्तरी, 100-200 मीटर दौड़, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर नाटक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एमएचआरडी के उच्च शिक्षा निदेशक संजीव शर्मा और हरियाणा कला परिषद के निदेशक अजय सिंघल ने छात्रों को सम्मानित किया। इस दौरान संजीव शर्मा ने कहा की IIT-NIT के विद्यार्थियों की ओर से शुरू की गई पहल को देश के उच्च संस्थानों में उदाहरण के रूप मे प्रस्तुत किया जाना चाहिए। जिसके बाद उपाय के संस्थापक और आईआईटी खड़गपुर के एल्यूमनाई विनय कृष्णा ने बताया कि वार्षिकोत्सव का उद्देश्य प्रतिभा को आगे लाना है। वहीं संस्था की स्थापना को लेकर कहा कि झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले जो बच्चे पढ़ने नहीं जा पाते हैं उनको ध्यान में रखकर संस्था बनायी। दो साल में दिल्ली एनसीआर में 6 केंद्र संचालित हो रहे हैं। जिनमें से 4 गुरुग्राम, 1 दिल्ली और 1 नोएडा में है। जिनके जरिए कुल 400 छात्रों को वर्तमान में शिक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रबंधक मनीष विजय, मिथिला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।